हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# अब जिले में 780205 मतदाता, पोलिंग बूथ की संख्या भी बढ़कर पहुंची 1075

## प्रारंभिक प्रकाशन के बाद आज से दावा-आपत्ति का दौर, नए मतदाता भी जुड़वा सकेंगे अपने नाम


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले चार नवंबर से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्र जमा करने के बाद मंगलवार को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में अब 780205 मतदाता शेष रह गए हैं। जबकि 15502 वोटर मृत पाए गए। 37188 मतदाता दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं। ऐसे ही 3015 का नाम दूसरे विस में भी पाया गया। इसके साथ ही जिले की चार विस में पोलिंग बूथ की संख्या में भी इजाफा हो गया है। अब जिले की चार विधानसभाओं में 1006 मतदान केंद्रों की जगह 1075 मतदान केंद्र होंगे। उल्लेखनीय है कि जिले सहित प्रदेशभर में चार नवंबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया लगभग 45 दिन तक चली। जिसमें हजारों बूथ लेवल अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया है, जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें इलेक्शन कमीशन की तरफ से नोटिस देकर अपने नाम दोबारा जुड़वाने का अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही एसआईआर की पूरी प्रक्रिया निपटने के बाद जब 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी तो उसके साथ एक हटाए गए नामों की सूची भी जारी की जाएगी। इस सूची में उन सभी लोगों के नाम और कारण होते हैं।जिनके नाम हटाए गए हैं। यह सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध कराई जाती है।

अलग खबर

### राजनीतिक दलों को भी दी मतदाता सूची

मिली जानकारी के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होने के साथ ही अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों की तरफ से प्रारूप मतदाता सूची की दो प्रतियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, जिन मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो पाए हैं, उनकी अलग सूची भी राजनीतिक दलों को दी जाएगी, ताकि वे भी सत्यापन कर सकें। राजनीतिक दलों से अपील की गई है कि वे इन सूचियों का सूक्ष्मता से अवलोकन करें। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति दर्ज कराने में मतदाताओं को सहयोग करें।



### नाम जुड़वाने जमा करना होगा फार्म-6

एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होने के बाद अब बीएलओ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। बीएलओ स्तर के कर्मी अब अपने-अपने मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाएंगे, जहां लोग आकर मदद ले सकते हैं। इसमें नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने पर आपत्ति फॉर्म-7 या किसी जानकारी में सुधार फॉर्म-8 के आवेदन लेंगे। प्राप्त हुए सभी दावों और आपत्तियों का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और अपनी रिपोर्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सौंपेंगे। जिसके बाद आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए भी समिति का गठन किया गया है। आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन होगा।

## खबर संक्षेप

### शराब ले जाते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिससे 35 पौवा शराब जब्त किया गया। थाना सोमनी क्षेत्र में शराब पीने-पिलाने एवं शराब बेचने व परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 22 दिसंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक काले रंग की एक्टिवा में अवैध रूप से शराब रखकर सांकरा से बैगाटोला की ओर ले जा रहा है। सूचना पर मौके हमराह स्टाफ एवं गवाहों के ग्राम बैगाटोला रोड में आने-जाने वाले वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एक काले रंग की एक्टिवा को रोककर चेक करने पर एक्टिवा की डिक्की में 19 पौवा सीजी फाईन अंग्रेजी विस्की शराब, 10 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब, 6 पौवा शोले देशी शराब कुल 35 पौवा अंग्रेजी देशी शराब कुल कीमती 3960 रुपए एवं एक एक्टिवा स्कूटी को जब्त किया। आरोपी को नाम-पता पूछने पर अपना नाम राजेश साहू 37 साल साकिन ग्राम कलेवा का रहने वाला बताया। पुलिस ने अपराध सदर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से रिमांड पर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

## अविभाजित जिले में अब तक 68 फीसदी घरों में लगे स्मार्ट मीटर

# स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर बिजली सप्लाई काटने की नोटिस से हड़कंप!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में बदले जा रहे स्मार्ट मीटर के बीच जिन उपभोक्ताओं ने मीटर बदलवाने से मना कर दिया है, उनको विभाग की तरफ से नोटिस जारी होना शुरू हो गया है। जिले के डोंगरगांव शहर में दर्जनों लोगों को नोटिस जारी कर स्मार्ट मीटर लगवाने की अपील की गई है। वहीं मीटर नहीं बदलवाने पर बिजली काटने तक की चेतावनी कंपनी की तरफ से दी गई है। जिसको लेकर अब विरोध के स्वर भी देखने को मिल रहे हैं। इधर जिले में अब तक लगभग 68 फीसदी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव विद्युत सर्कल में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में प्रदेश के सभी घरेलू, गैर घरेलू एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में कृषि पंपों को छोड़कर पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहला-मानपुर-अबागढ़ चौकी जिले में लगभग पौने तीन लाख उपभोक्ताओं तक पहुंचना है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसके एक्टिव होते ही उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकॉर्ड मिलने लगेगा।

### खास बातें

- जिले के डोंगरगांव ब्लॉक में जारी किए गए नोटिस
- फोन की तरह ही रिचार्ज करने पर ही घर में आएगी अब से बिजली
- काम में तेजी लाने जुटा महकमा



### बगैर शुल्क लिए लगाया जा रहा स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जीनस कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के अफसरों ने बताया कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है। जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग एवं रीडिंग संबंधी शिकायत दूर होगी।

### वनांचल पीछे, डोंगरगांव में 83 फीसदी बदले गए

राजनांदगांव संभाग के अंतर्गत राजनांदगांव डिवीजन में 124434 उपभोक्ताओं में अब तक 81457, डोंगरगांव संभाग में 40909 में से 34317, डोंगरगढ़ संभाग में 67618 में से 44314 पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में रिप्लेस किया जा चुका है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 81213 में से 64913 एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 62008 कनेक्शन में से 33946 मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा चुका है।

### बिना घर पहुंचे कटेगी बिजली

ज्ञात हो कि अब तक बिजली काटने के लिए टीम आपके घर तक पहुंचती है, लेकिन मीटर के स्मार्ट होने के बाद विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिना घर पहुंचे ही बिजली काटने की कार्रवाई की जा सकती है। बताया गया कि लंबे समय तक बिल का भुगतान नहीं करने पर उनको तीन दिनों तक लगातार एसएमएस भेजा जाएगा। इसके बाद भी उनके द्वारा बिल भुगतान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया जाएगा।

### नोटिस में तीन दिन की मोहलत

डोंगरगांव के एक बिजली उपभोक्ता को कार्यालय कनिष्ठ अभियंता शहर की तरफ से जारी नोटिस में कहा गया है कि पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलवा लिया जाए। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए आपको निर्धारित समय दिया जाएगा। उसके बाद भी मीटर नहीं बदलवाया गया तो तीन दिन के भीतर बिजली काटने की कार्रवाई की जाएगी। बिजली सप्लाई मीटर बदलवाने के बाद ही जारी की जाएगी। इस नोटिस जारी होने से हड़कंप मचा हुआ है।

# फिर दो जगह चोरी: घर में घुसकर नगदी सहित आभूषण पार, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में फिर दो स्थानों में चोरी की खबरें सामने आई है। इनमें घर में प्रवेश कर चोरों ने नगदी रकम सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। वहीं अन्य घटना में फैक्ट्री में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने नगदी रकम पार कर दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। टीम द्वारा इन मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा होते जा रहे हैं। जिससे लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। ज्ञात हो कि शहर के मानव मंदिर चौक में मेडिकल दुकान में चोरी की घटना हुई थी। जिससे सनसनी फैल गई थी। वहीं शहर के ग्रीन सीटी कालोनी स्थित एक मकान में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने गत रात्रि प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मकान के निवासी परिवार के साथ 21 दिसंबर की शाम रायपुर गए थे। 22 दिसंबर को शाम वापस घर आए, तब देखा की अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे नगदी रकम तथा सोने-चांदी के जेवरात जिसमें 2 नग सोने का चैन, सोने की अंगूठी 10, सोने की बाली 4 नग, सोने का मोहर 2 नग, दो किलो चांदी, जिसमें करधन, लच्छा, ऐठी, 5 नग इम्पोटेड घडी, 4 नग टाईटन घडी की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी बलजीत सिंह भाटिया ने दर्ज कराई है। बसंतपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आरोपी फरार

ज्ञात हो पिछले दो दिनों में तीन जगह चोरी की खबरें सामने आ चुकीं है। बड़ी बात यह है कि तीनों ही मामलों में आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच सकीं है। हालांकि टीम गठित कर सीसीटीवी फूटेज की जांच के आधार पर संदेहियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। बताया गया कि मानव मंदिर चौक स्थित मेडिकल में हुई चोरी मामले में पुलिस टीम दूसरे राज्य भी जा सकती है।

### नगदी रकम की चोरी

इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भी चोरी की घटना हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम जोरातराई स्थित ब्रार इंडिया लिमिटेड फैक्ट्री में 21 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री में लकड़ी के दरवाजा को तोड़कर प्रवेश किया और आफिस के अंदर रखे सभी ड्रायर को तोड़कर फाइलों को इधर-उधर बिखरे कर नगदी रकम लगभग 15000 रुपए की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट रविन्द्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# क्रिसमस कल, रौशनियों से सजा चर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में विभिन्न धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है। चर्च को काफी खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। इस दौरान आकर्षक रोशन की गई है। क्रिसमस-डे पर्व को लेकर ईसाई समुदाय में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। समाज के लोग अपने घरों का रंग- रोगन करके सजावट किए हुए हैं। क्रिसमस पर्व को लेकर चर्च परिसर में प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को मनाने विभिन्न झांकियां बनाई गई है। वहीं आकर्षक क्रिसमस-ट्री सजाया गया है। विभिन्न धार्मिक आयोजन के लिए मंच की आकर्षक सजावट के साथ सांता क्लॉस के कट आउट लगाए गए हैं। क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में चर्च के बाहर सजावट के सामानों की दुकान भी लगी हुई है, जहां सांता क्लॉस से लेकर अन्य आकर्षक सामग्रियों को लेने समाज के लोगों में उत्साह बना हुआ है। आयोजन को लेकर समाज के अध्यक्ष डॉ. सुमन लाल ने बताया कि विदेशों में एक माह पहले से ही क्रिसमस पर्व के आयोजन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह शांति चाहते थे। उनके इस संदेश को पहुंचाने के लिए समाज द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाते हैं।

### 25 को होगा आयोजन

क्रिसमस-डे के अवसर पर शहर के चर्च में प्रातः प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस प्रचार को लेकर धार्मिक संदेश कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं इसके बाद देर रात तक क्रिसमस मिलन का आयोजन होगा। क्रिसमस मिलन के आयोजन में आने वाले लोगों द्वारा अपनी समस्याओं को एक पर्ची में लिखकर प्रभु यीशु मसीह के चरणों में छोड़ा जाता है। इस क्रिसमस मिलन के आयोजन में कॉफी, टॉफी और केक का वितरण करके लोग एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

# अंचल का न्यूनतम तापमान पहुंचा 10.5 डिग्री अगले 72 घंटे में 3 डिग्री तक गिरावट संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंचल में ठंड का कहर लगातार बना हुआ है। जिले का न्यूनतम तापमान साढ़े 10 डिग्री पर पहुंच गया है। हालांकि इसमें पिछले दो दिनों में डेढ़ डिग्री का इजाफा हुआ है, लेकिन आने वाले 72 घंटे में तापमान तीन डिग्री तक लुढ़क सकता है। जिससे ठंड का कहर और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इधर बढ़ती ठंड की वजह से जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। सुबह कोहरे की वजह से सड़क पर वाहनों की गति जहां धीमी हो गई है। वहीं हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में ठंड का असर अब और तेज हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के उत्तरी इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। विशेष रूप से सरगुजा और बिलासपुर संभाग में विजिबिलिटी काफी कम रहने के आसार हैं। वहीं दुर्ग जिले के कुछ स्थानों में शीतलहर चलने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटों की बात करें तो सबसे ठंडा शहर अंबिकापुर रहा। राजनांदगांव जिले का न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंच गया है।

### छाएगा कोहरा

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि महेंद्रगढ़, कोरिया, चिरमिरी, सूरजपुर, बलरामपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, धमतरी, गरियाबंद और बीजापुर के निचले इलाकों में सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रह सकता है। इससे ड्राइवरों को खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में हवा की गति सामान्य बनी रहेगी। किसी भी जिले में आंधी, तेज हवा, बारिश या वज्रपात की संभावना नहीं है। लगभग पूरे प्रदेश में मौसम साफ और शुष्क रहेगा।

# ऑटो में छूटा यात्री का सामान प्रार्थिया को पुलिस ने सौंपा

- पुलिस का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक महिला का सामान आटो में छूट जाने की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस ने आटो के यूनिक नंबर से वाहन को खोजकर सामान खोजा और प्रार्थिया को वापस लौटाया।

पुलिस के अनुसार 23 दिसंबर को वंदना सहारे पति विनोद सहारे निवासी बरगा जिला राजनांदगांव का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बताई कि वह बरगा चौक में ऑटो में बैठकर रेलवे स्टेशन गई एवं उतरते समय कीमती सामान से भरा बैग ऑटो में भूल गई एवं ऑटो निकल गया, जिस पर यातायात पुलिस से कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से उस ऑटो का पता लगाया। जिसमें यूनिक नंबर 197 एवं वाहन क्रमांक सीजी-08-एस-0691 लिखा था। उस ऑटो चालक को यातायात पुलिस द्वारा संपर्क कर यातायात शाखा बुलाया गया, जो सामान से भरा बैग अपने पास रखा था, जिसे सुरक्षित वापस दिलाया गया, जो अपना सामान चेक करने पर सुरक्षित होना बताई, जिसे प्रार्थिया को सुपुर्द किया गया। अपने सामान पाकर वंदना सहारे खुश होकर यातायात पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज के आह्वान पर रखा जाएगा बंद

# आमाबेड़ा मामले के विरोध में आज प्रदेशव्यापी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्मांतरण मामले को लेकर हुई हिंसा में कांकेर जिले के आमाबेड़ा में जनजाति समाज पर हमले को लेकर सर्व समाज द्वारा कल बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश बंद का आह्वान किया गया है। इस बंद को लेकर जानकारी देने के लिए सर्व समाज द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान नीरज बाजपेई ने कहा कि प्रदेश में लगातार सामाजिक अशांति उत्पन्न हो रही है। कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हाल ही में घटित घटना कोई पहली घटना नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं प्रदेश में लगातार हो रही है। ईसाई मिशनरियों एवं उनसे जुड़े कन्वर्ज़न-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से ऐसे हालात निर्मित किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में तनाव, टकराव और सामाजिक वैमनस्य फैल रहा है। वहीं जनजातीय आस्था पर आघात और संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में कल 24 दिसंबर को प्रदेशव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में आयोजित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि आमाबेड़ा की घटना ने इस वास्तविकता को और अधिक उजागर किया है कि पांचवी अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में ग्रामसभा की भूमिका, जनजातीय आस्था एवं परंपराओं की संवैधानिक सुरक्षा को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया गया।




स्थानीय विरोध और संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद जिस प्रकार जिला पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता, भीम आर्मी जैसे बाहरी संगठनों की संगठित भूमिका तथा पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयां सामने आई, उसने जिला पुलिस और प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

### पांच सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ प्रदेश बंद के इस आह्वान के माध्यम से राज्य में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू करने, कांकेर जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर कठोरतम कार्रवाई, अत्याधिक पुलिस बल का प्रयोग करने के गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला, एसडीएम, तहसीलदार को तत्काल निलंबित करने और उनकी संदिग्ध भूमिका की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराए जाने, हिंसा एवं बल प्रयोग से पीड़ित ग्रामीणों को समुचित मुआवजा प्रदान करने मांग की गई है।

### बंद के समर्थन में रैली

सर्व समाज द्वारा आयोजित इस बंद को चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अपना समर्थन दिया है। वहीं शांतिपूर्ण बंद कराया जाने को लेकर आज शाम हिंदू संगठनों द्वारा शहर में रैली निकाली गई। वहीं बुधवार को बंद के दौरान शहर के महाकाल चौक पर सभा आयोजित की जाएगी और इसके बाद मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्व समाज ने कहा है कि यह आंदोलन किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, जनजातीय आस्था, सामाजिक समरसता और प्रदेश में कानून के शासन की रक्षा के लिए है। यदि शासन-प्रशासन समय रहते निष्पक्ष एवं ठोस निर्णय लेने में विफल रहता है, तो सर्व समाज को लोकतांत्रिक एवं कानूनी दायरे में अपने आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

**// आम सूचना //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) श्री निलेश सोनी आ.श्री संजय सोनी, (2) श्री अखिलेश सोनी आ. श्री संजय सोनी तथा (3) श्री दीपक सोनी आ. श्री विजय सोनी सभी निवासी-वार्ड नं. 37, सागर इलेक्ट्रिकल के सामने, ठेठवारपारा, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा भूमिस्वामी / भूमिधारक श्री हासम भाई आ.तार मोहम्मद, निवासी वार्ड नं. 31, महावीर वार्ड, उदयाचल के सामने, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से उनके हक स्वामित्व व आधिपत्य की नजूल संधारण भूमि खाली प्लाट, गंज लाईन वार्ड नं. 37, महावीर वार्ड नजूल शीट क्र. 48डी, भूखण्ड क्र. / खसरा नं. 240, क्षेत्रफल 810.00 वर्गफुट = 75.33 वर्गमीटर में से 12×40= 480 वर्गफुट जो कि मुख्य मार्ग गंजलाईन से लगा हुआ है, को उपरोक्त भूमिस्वामी / विक्रेता श्री हासम भाई से खरीदने बादत पक्का सौदा कर इकरारनामा सौदा-पत्र दिनांक 22/07/2025 को निष्पादित कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा उक्त भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र तहरीर कराकर पंजीयन कराना शेष है, जो कि दिनांक 31.12.2025 तक उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन तहरीर करवाना तात्पर्यित है।

अतः सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा शासकीय / अर्द्धशासकीय निकाय जो उपरोक्त वर्णितः भूमि के संबंध में हित रखता हो अथवा उक्त भूमि के सौदा के संबंध में वैध कारणों सहित दावा-आपत्ति करना चाहता हो दह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अर्थात दिनांक 30.12.2025 के पूर्व दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करे। उक्त अवधि अवसान के पश्चात मेरा पक्षकार विक्रेता को शेष रकम अदा कर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करवा लेगा तथा अवधि अवसान पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बाध्यकारी नही होगी।

राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक- 23.12.2025

भवदीय
**त्रिदेव साहू** (अधिवक्ता)
कार्यालय- 26, गोकुलधाम सोसायटी, गोकुल नगर के पास, राजनांदगांव (छ.ग.), मोबाईल नं.- 7999880804

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया योगाभ्यास

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रत्येक शनिवार को व्यायाम कराया जाता है। विगत कुछ सप्ताह से व्याख्याता अजय पाठक एवं एप्स शिव एंथोनी द्वारा अभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान व्यायाम के साथ मनोरंजक खेल का आयोजन किया जाता है। प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने दोनों व्याख्याता के प्रयास की प्रशंसा की है। इस अवसर पर व्याख्याता टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।

### जयंती समारोह 25 को

**पटेवा।** ग्राम मासुल में गुरु घासीदास जयंती के मौके पर आगामी 25 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। दोपहर 2 बजे से सतनाम गंगा पंथी दल मासूल द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात जैतखाम की पूजा अर्चना कर श्वेत पताका फहराया जाएगा। रात्रि में सुर वर्षा श्याम कुटेलिया का कार्यक्रम रखा गया है।

### जिला कबड्डी संघ के ऋषि अध्यक्ष बने

**राजनांदगांव।** स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट के सभागार में जिला कबड्डी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी, उपाध्यक्ष तुलाराम पंद्रे छुरिया, सचिव ललित कुमार साहू राजनांदगांव, कोषाध्यक्ष चौथराम साहू डोंगरगांव, सह-सचिव हरीश साहू डोंगरगढ़, कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार ओझा डोंगरगढ़ के अलावा तुलसीराम मांडवी, मनोज कुमार व दिनेश शाह मांडवी को विभिन्न समितियों के अध्यक्ष बनाए गए हैं। चुनाव अधिकारी व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और कोच भूषण साव, ओलंपिक संघ का प्रतिनिधि अरूण शुक्ला एवं खेल व युवा कल्याण का प्रतिनिधि शकील भाई थे। चुनाव पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी ने कहा कि राजनांदगांव महिला कबड्डी प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बालक वर्ग को भी प्रथम स्थान पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और निकट भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता की जाएगी, इसकी घोषणा की। तत्पश्चात 16 वर्षों तक प्रदेश अध्यक्ष और 40 वर्षों तक राजनांदगांव जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रहे अशोक चौधरी को सम्मानित किया गया और सम्मान स्वरूप जिला कबड्डी संघ का आजीवन अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

### पुस्तक का विमोचन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय ऑटोनॉमस स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग द्वारा 23 दिसंबर को राष्ट्रीय कृषक दिवस एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता एवं डॉ. केएल टांडेकर पूर्व प्राचार्य एवं मनिंदर सिंह सलूजा कृषि विशेषज्ञ के मुख्य अतिथि में किया गया। विभागाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साकरे द्वारा स्वागत भाषण के पश्चात मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ। मुख्य अतिथि मनिंदर सिंह सलूजा ने बताया कि आज भी गांवों में कृषि कार्य परंपरागत रूप में किया जाता है तथा कृषि प्रधान है। आज रासायनिक खाद का प्रयोग करने से कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। जैविक कृषि की भी अपनी महत्व है। केवल जैविक खाद से ही बढ़ती आबादी का भरण पोषण संभव नहीं है। इसके वैकल्पिक व्यवस्था करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि कृषकों को जागरूक करना एवं शिक्षित करना अति आवश्यक है। डॉ. केएल टांडेकर ने भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषक दिवस तथा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की सराहना की की। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि आज के समय की मांग है कि वैज्ञानिक खेती और पर्यावरण को ध्यान में रखते कृषि प्रणाली में सुधार करना तथा जीवकोपार्जन और जनसंख्या के बीच संतुलन स्थापित किया जाना आवश्यक है।

## शिविर में सुलझी लोगों की समस्याएं

# योजनाओं का लाभ लेकर समृद्ध बनें ग्रामीण:नमत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से माडिंग पीडिंग में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह, सरपंच सियादेवी, अमित श्रीवास्तव, मनोज नेताम, गुरूदयाल साहू, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत भारती चन्द्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, सीईओ जनपद प्रांजल प्रजापित आदि उपस्थित थे।

उक्त मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने लोगों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर संबल एवं समृद्ध बनने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम एवं जरूरतमंद व्यक्ति को लाभान्वित करना है। उन्होंने ने कहा कि शिविरों में आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।




### योजनाओं से कराया अवगत

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, लोक निर्माण, राजस्व, खाद्य, हथकरघा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि, शिक्षा, मछली पालन विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनओं की जानकारी दी। शिविर में पात्र हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग ने ट्राईसायकल, व्हीलचेयर, स्टीक जैसे सहायक उपकरण वितरित किए।

### इरईकला में लोक कला महोत्सव 27 से

**पटेवा।** इरईकला स्थित अर्धनारीश्वर महादेव धाम में आगामी 27 से 29 दिसम्बर तक छत्तीसगढ लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति कार्यक्रम की अंतिम तैयारी में जुटी है। आयोजन के पहले दिन 27 दिसंबर को पुष्पांजलि महिला मानस परिवार इरईकला, पारसमणि मानस परिवार रायपुर, भरथरी राजनांदगांव, सुवा के बोली रानीसागर, सत्य के झंकार पंथी नृत्य चीचा, दाई के दुलार नवरत्न झांकी परिवार पटपर, 28 दिसंबर को नवशक्ति महिला जस सेवा भजन मंडली इरईकला, सीताराम म्युजिकल फाग परिवार तुड़वाने, खिलेश यादव- दिनेश वर्मा की प्रस्तुति, पूजा मानस परिवार चिपको, सुर-सुरभि मंडली पंडवाणी छुरा, जय बजरंग रामधनी मंडली धामनसरा, कवि सम्मेलन, रंग बसंत रिकार्डिंग डांस ग्रुप एवं हास्य कमेटी भोलाराम एवं साथी सुरगी एवं 29 दिसम्बर को राऊत एवं झांकी जय कृष्ण मंडली खजरी की प्रस्तुति होगी। इसी दिन मंड़ई एवं रात्रि में अनुराग धारा का कार्यक्रम होगा।

### सुशासन शिविर आज

**सड़क अतरिया।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने कल बुधवार को ग्राम सड़क अतरिया में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर विभिन्न विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित करीब 40 पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे।

# किसानों के बीच पहुंचे विधायक दलेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक दलेश्वर साहू सोमवार को धान खरीदी का जायजा लेने विभिन्न धान खरीदी केंद्र पहुंचे। बोरतलाव धान खरीदी केंद्र पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर स्वागत किया।

उन्होंने धान खरीदी केंद्र में धान का पुनः तौला करया। उन्होंने किसानों से धान खरीदी, टोकन, तौलाई ,एग्रीटेक पोर्टल संबंधी शिकायत के बारे में पूछा। एक किसान ने चार किसानों का अप्रूवल नहीं होने की शिकायत हैं जिस पर समिति प्रबंधक को तहसील और एसडीएम से पत्राचार करने निर्देशित किया।

बोरतलाव के हालर मिल संचालक ने बताया कि महाराष्ट्र के लोग भी धान कुटाई कराने आते हैं जिसे प्रशासन ने बंद करा दिया है जिसके कारण बिजली बिल पटाना मुश्किल हो गया है। इस दौरान ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, लाल बहादुर नगर ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, रामछतरी चंद्रवंशी, गुलाब वर्मा, रमेश उईके, बरसन नेटी, समिति प्रबंधक ईश्वर श्रीवास, कार्तिक नंदेश्वर, प्रदीप उजवने, यादवराम, बेलाराम वर्मा, डेलूराम निषाद, कृपाल ठाकरे, गंगाराम दशहारिया, बोधी वर्मा, कन्हैया चौहान, भारत श्रीवास, गणपत लिल्हारे, बली यादव, लालचंद विश्वकर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय अधिवेशन गत दिनों आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि अब समाज को सीमित दायरे में नहीं बल्कि सभी समाजों को इकट्ठा करके एक नए समाजवाद की स्थापना करना चाहिए। उन्होंने परिवार को सशक्त एवं मजबूत बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर कार्य समितियां की बैठक एवं अधिवेशन करना चाहिए। उन्होंने प्री वेडिंग एवं मृत्यु भोज में ड्राई फ्रूट और रिटर्न गिफ्ट बंद करने की बात कही।

### पीडीएस संघ का गठन



**पटेवा।** सलोनी में ग्रामीण घुमका तहसील पीडीएस संघ का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संतन दास बारले को अध्यक्ष चुना गया। नीरदास को उपाध्यक्ष एवं सचिव शांति साहू को बनाया गया है। बिक्रेताओं ने चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### बच्चों को पिलाया पोलियो ड्राप



**डोंगरगढ़।** डुंडेरा, मुडखुसरा में 21 दिसंबर को राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत पांच वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर एवं निर्धारित केंद्रों पर बच्चों को दवा पिलाया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, लता वर्मा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहयोग दिया। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, अमरिश चंद्रवंशी, अनिल चन्द्रवंशी, भूपेंद्र चन्द्रवंशी ने पोलियो उन्मूलन सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

# शहीदी समागम में उमड़े सामाजिकजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सिख पंथ के चार साहेबजादों एवं माता गुजरी कौर की याद में शहीदी समागम का आयोजन शनिवार को किया गया। खालसा स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में दूर-दूर के लोगों ने शिरकत की। रात्रि 8 बजे गुरूग्रंथ साहिब की स्थापना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो रात 2 बजे तक जारी रहा।

लुधियाना के बलप्रीत सिंह, दिल्ली के जसपाल सिंह और मनप्रीत सिंह ने समां बांधा। गुरु तेगबहादुरसिंह, गुरु गोविंदसिंह उनके चार साहिबजादो एवं माता गुजरी कौर के याद में आयोजित इस समागम की छठा देखते ही बन रही थी। अलग-अलग स्थान से आए रागी जत्थे को कीर्तन पाठ किया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस नेता नवाज खान, हरविंदर सिंह मंगे, परमजीत सिंह मोंटी, प्रिंस कक्कड़, दतिंदर सिंह भाटिया, सोनू भाटिया, हनी गुप्ता ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान समाज के प्रधान परमजीत सिंह भाटिया, शम्मी भाटिया, रिम्मी भाटिया, सोनू कक्कड, हरपाल सिंह, हरजीत सिंह अरोरा, बाबू कक्कड, अभिराज, हैप्पी, मोनू भाटिया, संदीप भाटिया, सानू बग्गा, ऋषि भाटिया, सुमित पाल, आकाश, नमन, पिंटू भाटिया सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।




### सेवा की मिसाल मिली देखने

कार्यक्रम में जोड़ा घर यानी जूते की सेवा राजू भाटिया के ग्रुप ने बखूबी से निभाई। महाराजा रणजीत सिंह हाल में आयोजित लंगर में रोम्मी भाटिया, पिंटू भाटिया, अनूप भाटिया ने लंगर के साथ चाय कॉफी व नाश्ते की व्यवस्था की थी। संचालन समाज के पूर्व प्रधान गुरविंदर सिंह भाटिया ने किया। इस दौरान महिलाओं की खासी उपस्थिति रही। देवरी, सालेकसा, गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर के लोग कीर्तन सुनने पहुंचे थे।

# शिशु मंदिर में गणित दिवस के रूप में मना रामानुजन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाया गया।

प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहु, विनोद ताम्रकार, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय के साई कुमार साहू, ऋषभ वाल्दे, निशांत जैन, दीक्षा मेश्राम आदि ने भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किया। राशि सिन्हा, अनोखी श्रीवास्तव आदि ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। इस मौके चित्रकला प्रतियोगिता, मॉडल प्रतिदर्श, पोस्टर चार्ट प्रतियोगिता रखा गया। पोस्टर चित्र में प्रमेय, गिनती, पहाड़ा, सूत्र आदि का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य श्री यादव, आचार्य रेवती वर्मा, विनोद ताम्रकार, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू ने गणित पर अपने विचार रखे। चित्रकला में प्रथम गुरुदत्त सहारे, द्वितीय अलीशा जनबंधु, तृतीय विक्की सिन्हा, गणित पोस्टर में प्रथम लक्ष्मीकांत सोनकर, द्वितीय निशा भिवंघडे, तृतीय श्रेया सहारे, मॉडल प्रतियोगिता के पूर्व माध्यमिक विभाग में प्रथम माधुर्य देवांगन और रेयांश देवांगन द्वितीय, जागृति महोबिया और आयुष साहू तृतीय, उच्च माध्यमिक विभाग में प्रथम टीकम वर्मा, खुशी माली, द्वितीय ऋषभ वाल्दे, तृतीय विवेक ताम्रकार, अभय गुप्ता रहे। निर्णायक झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, रेवती वर्मा, कीर्ति दफेदार, हिमांशु इंदुरकर, अनामिका विनायक थी।



# धान उठाव में लाए तेजी: कलेक्टर

■ खरीदी सहित अन्य व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने वीसी कक्ष में धान खरीदी से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी की स्थिति, व्यवस्थाओं एवं उठाव की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने धान उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ ही समय पर भुगतान तथा गुणवत्तायुक्त धान खरीदी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने धान का उठाव, भौतिक सत्यापन, पंजीयन की स्थिति, उड़नदस्ता की कार्यवाही, रकबा समर्पण एवं अवैध धान परिवहन पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने धान उठाव के धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी लाने

# सत्य की राह पर चले, नशा से रहे दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम आसरा में सतनाम पंथ के प्रवर्तक और समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त सहयोग से किया गया।

जयंती समारोह की शुरुआत जैतखाम की पूजा-अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने जैतखाम की पूजा कर बाबा गुरु घासीदास को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास का मनखे-मनखे एक समान का संदेश हमेशा प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने समाज को समानता, सत्य, अहिंसा और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचारों को अपनाकर ही सशक्त और समरस समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नशा, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की अपील की। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोटी ने की। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास केवल एक संत ही नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। इस मौके पर मधु यदु, आसरा के सरपंच शरद वैष्णव, अरुणबाई कंवर, मुकेश कुमार साहू, खेमन साहू, ओंमकार साहू, यादवेन्द्र पार्थी, रामचंद सोनी, सुखचैन लहरे, किरत सोनी, मुलचंद बंजारे, ओमन भारती, मनोहर भारती, धन्नू भारती, राधेलाल भारती, सुरेश लहरे, चंद्रकांत कुर्रे, डोगेंद्र लहरे, भागचंद गेंड्रे, हिरेन सोनी, विकास, नैनदास, कैलाश, तारका, विवेक, संतोष, उमेश, अशोक, अमरलाल, कुंदन सिरमौर, घनश्याम सोनी, टीकम लहरे, चन्द्रकांत कुर्रे, जितेन्द्र सोनी आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## छात्राओं ने भी खेल कौशल का किया प्रदर्शन

# सालाना खेल स्पर्धा में भगत हाऊस विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बीते दिनों दो दिवसी सालाना खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन और अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मोनिश खान के मार्गदर्शन में किया गया।

आयोजन की शुरुवात विद्यार्थियों के मार्च पास्ट से हुई। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहनीश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू थे। अतिथियों ने रिबन काट कर स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को चार हाउस में बांटा गया। इस दौरान आयोजित क्रिकेट में प्रथम भगत हाउस तथा द्वितीय स्थान रानी दुर्गावती हाउस ने प्राप्त किया। रस्सी खींच में प्रथम भगत हाउस, द्वितीय रानी लक्ष्मी बाई हाउस, गोला फेक महिला वर्ग में प्रथम मोनिका वैष्णव, द्वितीय उपासना साहू, पुरुष वर्ग में प्रथम योगेश निषाद एवं द्वितीय स्थान मुरली साहू ने प्राप्त किया। इसी प्रकार रिले रेस में प्रथम एवन आदि, द्वितीय मुरली साहू आदि ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम पल्लवी यादव, द्वितीय दिशा ठाकुर, पुरुष वर्ग में प्रथम उमाशंकर साहू, द्वितीय स्थान कबीर देवांगन ने प्राप्त किया।



### खेल स्पर्धाओं में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में संपूर्ण विजेता भगत हाउस तथा उपविजेता आजाद हाउस रहा। आयोजन की कड़ी 23 दिसंबर को छत्तीसगढ़ी व्यंजन, सलाद प्रतियोगिता, मेहंदी, केश सज्जा, पूजा थाली, गुलदस्ता बनावट, मटका फोड़, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, टेटेंगी दौड़, आलू दौड़, बोरा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संचालन शुभि जैन ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, ओम प्रकाश सहारे, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ज्ञानेश्वर देवांगन आदि मौजूद थे।

# सामाजिक भवन लोकार्पित

**कल्लूबंजारी।** आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

इस दौरान सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू, प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक छन्नी साहू थी। अध्यक्षता मोहन सिंह हिड़को ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ शंभूशेक की सेवा अर्जी के साथ हुआ। तत्पश्चात विधायक साहू ने कहा कि शिक्षित एवं संगठित समाज तेजी से आगे बढ़ता है। समाज का नेतृत्व बौद्धिक एवं वैचारिक रूप से परिपक्व व्यक्ति को सौंपना चाहिए। उन्होंने कोयतुर गोंड़वाना भवन जोब के सामने शेड निर्माण, नया भवन निर्माण की घोषणा की। पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज एक संगठित समाज है जिसे जो नेतृत्व मिला है वह हमेशा रचनात्मक कार्य करते रहता है जिससे नई दिशा मिल रही है। अध्यक्ष श्री हिड़को ने कहा कि एकता में ताकत होती है। महासभा के सभी 11 ब्लाक एकजुट है जो हमारी शक्ति है।

इस मौके पर जगत सलामे, नरेन्द्र नेताम, हिरेसिंह घावड़े, श्यामसिंह कौड़ो, तुलसी मरकाम, बाबूराव हिड़को, अनिल दुग्गा एवं दिनेश कोरेटी ने संबोधित किया। संचालन संतराम सलामे एवं उदेसिंग कोमरे एवं आभार प्रदर्शन जनाराम काटेंगी ने किया।




बधाई
हरिभूमि
24th
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
बधाई
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
जंगल के बीच बसे पथराटोला के ग्रामीणों ने नई उम्मीद के साथ किया मतदान
विकास के राह तकते पथराई आंखें, नई सुबह का इंतजार
अब तक गांव में नहीं पहुंची बुनियादी सुविधाएं
हिरेन्द्र साहू
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति बादराटोला
चुनेश्वर साहू
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति, अर्जुनी
टामेश्वर साहू
अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, अर्जुनी
सेवाराम पटेल
अध्यक्ष, कोसरिया पटेल समाज डोंगरगांव राज.
महेश्वर साहू
उपाध्यक्ष, मंडल भाजपा डोंगरगांव
रामदुलार साहू
अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ
जागृति यदु
सभापति, जिला पंचायत
ललिता साहू
सरपंच, अर्जुनी
हिना जैन
सदस्य, मंडल भाजपा
सुनीता साहू
सरपंच, ओडारबांध

## सार समाचार

### सिंगपुर में मना शहादत दिवस

**राजनांदगांव।** आदिवासी ध्रुव गोड समाज परिक्षेत्र ग्राम सिंगपुर में गत दिनों से छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में समाज एवं 22 गांव के लोगों द्वारा शोभायात्रा एवं रैलियां निकाली गई। इस अवसर पर शहीद वीरनारायण सिंह अमर रहे के नारे लगाते कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। उक्त जानकारी देते परमानंद नेताम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते जल-जंगल-जमीन के लिए अपने प्राणों की आहूत दी है। उन्होंने गोडवाना भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने वीर नारायण सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ वन औषधि बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम थे। अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते एमडी ठाकुर ने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गोडवाना समाज के जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में शीला टोकेश सिन्हा, प्रतिमा चंद्राकर, अनिता डिगेन्द्र सिन्हा, भूषण जांगडे, बिसन साहू, हेमसिंह पडौदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिक्कम मंडावी सचिव ठाकुरटोला ने किया।




### 117 गांव में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर

**राजनांदगांव।** बाल संस्कार विभाग, श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा देशभर में विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन कई दशकों से हो रही है। जिसमें लाखों-करोड़ों विद्यार्थियों का जीवन पतन से उन्नति की ओर आगे बढ़ा है। बाल संस्कार विभाग राजनांदगांव के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाल संस्कार के सेवाधारियों द्वारा शीतकालीन अवकाश में अलग-अलग स्थानों में विद्यार्थी उज्ज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष सेवाधारियों के उत्साह व ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभ पहुंचे, इसलिए 17 से 31 दिसंबर तक 117 गांव में विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव के अलावा, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला, मानपुर, चौकी, छुरिया, खैरागढ़, गंडई व अतरिया क्षेत्रों के गांव-गांव व आदिवासी क्षेत्रों में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। यह शिविर निःशुल्क है। शिविर में प्रश्नोत्तरी, वक्तव्य स्पर्धा, त्राटक क्रिया आदि में भाग लेकर विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि इस शिविर में बच्चों को योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, माता-पिता व गुरुजनों का आदर व जीवन में उनका महत्व, शिक्षाप्रद कहानियां, परीक्षा में सफलता के टिप्स, बुद्धिशक्ति, मेघाशक्ति एवं स्मृति शक्ति बढ़ाने के प्रयोग, उचित खानपान, व्यसन से होने वाले नुकसान आदि के बारे में बताया व सिखाया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन दिलीप साहू, दलेस्वर साहू, ओपी साहू, नोहर जंघेल, चिरंजय साहू, नम्मू साहू, खिलेश्वरी साहू, कोमल सिंह, पुसउराम, रूपेश यादव, तुलसीराम पाल, भोजेश्वर साहू, तृप्ति वैष्णव, संगीता साहू, उमाशंकर कुंवर व समस्त क्षेत्रीय समिति प्रमुखों का विशेष सहयोग हो रहा है।



### टीमें करेंगी एक-दूसरे से संघर्ष

**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कांफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के आतिथ्य में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागी महाविद्यालयों की छात्राओं में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चार महाविद्यालयों की टीमें अंतिम मुकाबले में पहुंचने एक-दूसरे से कड़ा संघर्ष करेंगी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा नेतृत्व, अनुशासन और टीमवर्क जैसे गुणों का विकास करना है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासित प्रदर्शन से दर्शकों और आयोजकों को प्रभावित किया है। कॉलेज के खेल प्रभारी धनंजय साहू ने कहा कि महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है। यह प्रतियोगिता छात्राओं के आत्मविश्वास को मजबूत करेगी। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि खेल छात्राओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। हम भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। संस्था के निदेशक डॉ. मनीष जैन ने कहा शिक्षा के साथ खेलों का संतुलन ही विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की ओर ले जाता है। निदेशक संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने कहा कि महिला खेलों को प्रोत्साहन देना हमारी संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है।



### उपेक्षित समाधि स्थल के पुनर्निर्माण को लेकर रानी विभा देवव्रत सिंह आई सामने

# धरोहर का सुधार शुरू, पूर्वजों की स्मृतियों को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नागवंशी रियासत के राजाओं की समाधि स्थल की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित खबर का असर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। मामला सामने आने के बाद ना सिर्फ लोगों के बीच चर्चा तेज हुई बल्कि राजपरिवार की ओर से भी तुरंत और जिम्मेदार प्रतिक्रिया देखने को मिली।

स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से जिस समाधि स्थल की उपेक्षा हो रही थी और जिसे अघोषित सार्वजनिक शौचालय की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा था, वह अब फिर से सम्मान और गरिमा की ओर लौट रहा है। लोगों को उम्मीद है कि यह सुधार स्थाई होगा। कुल मिलाकर यह मामला दिखाता है कि जब जनहित से जुड़े मुद्दे जिम्मेदारी से उठाए जाते हैं और संबंधित पक्ष संवेदनशीलता दिखाता है, तो उसका असर जमीन पर दिखाई देता है। खबर के असर और रानी विभा देवव्रत सिंह की जागरूक पहल से अब उम्मीद जगी है कि खैरागढ़ रियासत के राजाओं की यह ऐतिहासिक समाधि स्थल फिर से अपने पुराने गौरव के साथ लोगों के सामने आएगी।




#### चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा कार्य

रानी विभा देवव्रत सिंह ने बताया कि पुनर्निर्माण का काम चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। पहले चरण में झाड़ियों और कचरे की सफाई कराई जा रही है। इसके बाद जर्जर ढांचे की मरम्मत, रंगाई-पुताई और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही समाधि स्थल में टूटी फूटी चारदीवारी को भी नए सिरे से ठीक कराया जाएगा, ताकि परिसर सुरक्षित और व्यवस्थित रह सकें। हर समाधि के पास संबंधित राजा-रानी और उनके योगदान की जानकारी देने वाली सूचनात्मक पट्टियां भी लगाई जाएंगी। पूरे मामले में रानी विभा देवव्रत सिंह ने वीडियो संदेश जारी कर सार्वजनिक रूप से खेद भी जताया। उन्होंने माना कि राजाओं के जाने के बाद से समाधि स्थल का नियमित रखरखाव नहीं हो पाया जो एक बड़ी चूक थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब नियमित साफ-सफाई के लिए स्थाई व्यवस्था की जाएगी और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा नहीं बनने दी जाएगी।

#### संरक्षण परिवार की जिम्मेदारी

रानी विभा देवव्रत सिंह ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए खुद आगे आकर सुधार की पहल की है। सालों से उपेक्षित पड़े राजाओं की समाधि स्थल में अब साफ सफाई का काम शुरू हो चुका है। रानी विभा देवव्रत सिंह ने साफ कहा है कि अब उनके पूर्वजों की स्मृतियों से जुड़े स्थल लावारिस नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि ये समाधियां सिर्फ पत्थर की संरचना नहीं हैं, बल्कि खैरागढ़ के इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपरा की पहचान हैं, जिनका संरक्षण करना राजपरिवार की जिम्मेदारी है। इस समाधि स्थल का ऐतिहासिक महत्व भी खास है। यहां रियासत के राजा उमराव सिंह, राजा कमलनारायण सिंह, राजा लाल बहादुर सिंह, रानी मुग्धकुंवर सिंह, रानी चैतन्य कुमारी साहिबा, रानी द्रुपद कुमारी देवी, रानी बृजकुमारी देवी सहित राजपरिवार के सदस्य बलदेव सिंह, शेर सिंह, राजकुमार विक्रम बहादुर सिंह और राजकुमार शत्रुशाल बहादुर सिंह जैसी महान विभूतियों की समाधियां हैं जिनका क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अहम योगदान रहा है।

### दो बालकों को किया स्पॉनसरशिप में शामिल

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के समक्ष कलेक्टर जनदर्शन में एक बुजुर्ग महिला द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दो नाती के संबंध में जानकारी दी गई। बुजुर्ग महिला ने आवेदन में बताया कि उनके दो नाती स्कूल में अध्ययनरत है तथा इनके पिता का देहांत हो गया है। इनकी माता बच्चों को छोड़कर अन्यत्र चली गई है। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और बच्चों के पालन-पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग महिला द्वारा बच्चों के पालन-पोषण एवं पढ़ाई-लिखाई हेतु आर्थिक सहायता की मांग की गई।

कलेक्टर यादव ने बुजुर्ग महिला द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर तत्काल संज्ञान में लेते दोनों बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग को विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दोनों बालकों को बालक कल्याण समिति राजनांदगांव में प्रस्तुत कराते गृह अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें दोनों बालक योजना अंतर्गत पात्र पाए गए। कलेक्टर ने समिति की अनुशंसा के आधार पर मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित स्पॉनसरशिप योजना से लाभान्वित करने स्वीकृति प्रदान की।

### राज्य स्तरीय महाविद्यालीन बास्केटबॉल चयन प्रतियोगिता में 11 टीमें शामिल

**राजनांदगांव।** शहर के बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय महाविद्यालीन महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस चयन प्रतियोगिता में अलग-अलग महाविद्यालय से 11 सेक्टर की टीमें शामिल हो रही है। राज्य स्तरीय महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल चयन प्रतियोगिता में बस्तर, सरगुजा, रायगढ़, कवर्धा, चौकी, दुर्ग, सहित विभिन्न महाविद्यालय की टीमें हिस्सा ले रही है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के महाविद्यालयों को 11 सेक्टर में बांटा गया है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर अरूण चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 11 सेक्टरों की टीम हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से पांच विश्वविद्यालय की टीमों का चयन होगा। उन्होंने बताया कि जो टीमें इस प्रतियोगिता में अंतिम चार स्थान को प्राप्त करेगी वह टीम ऑल इंडिया प्रतियोगिता में शामिल होती है । उन्होंने कहा कि इस चयन प्रतियोगिता के माध्यम से विश्वविद्यालय की टीम बनेगी।

#### खेल प्रतिभा का दिखा रहे जौहर

इस प्रतियोगिता में शामिल होकर महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया। वहीं प्रतियोगिता को लेकर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के संरक्षण में किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्धेश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रूचि को बढ़ावा देना है।

## नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह की नियुक्ति के बाद राजनांदगांव में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। अपने दायित्व की शुरूआत उन्होंने धार्मिक आस्था और संगठनात्मक संस्कार के साथ की। जिसके बाद युवा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह नियुक्ति के पश्चात आज राजनांदगांव पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम शीतला मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेश और संगठन की उन्नति की कामना की। दर्शन के बाद वे मानव मंदिर चौक पहुंचे, जहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

मानव मंदिर चौक पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मोनू बहादुर सिंह को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी और संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए उनके नेतृत्व में कार्य करने का संकल्प लिया।

#### वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद

इस अवसर पर मोनू बहादुर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि यह दायित्व संगठन और युवाओं के विश्वास का प्रतीक है, जिसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मोनू बहादुर सिंह विधानसभा निवास पहुंचे, जहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती और जनहित के कार्यों को और अधिक गति देगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मोनू बहादुर सिंह की नियुक्ति को युवाओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

## निगम ने किया गणेश पर्व स्पर्धा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झांकी प्रतियोगिता, अ एवं ब वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों के परिणामों की घोषणा की गई। गणेश उत्सव प्रतियोगिता के परिणामों की गत दिनों आयोजित महापौर परिषद में स्वीकृति प्रदान की गई, जिन्हें निगम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2025 में नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झांकी का चयन निर्णायकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गणेश प्रतियोगित वर्ष 2025 के परिणामों में सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति जीई रोड पाटीदार भवन, द्वितीय मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, सदर बाजार व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार विसर्जन झांकी के अ वर्ग में प्रथम बाल समाज गणेश उत्सव समिति गंज चौक, द्वितीय अष्ट विनायक मंडल रामाधीन मार्ग एवं तृतीय बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड को स्थान प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम महावीर मंडल सदर बाजार, द्वितीय तिरंगा मंडल अशोक स्तंभ चौक एवं तृतीय सिद्धी विनायक गणेश उत्सव समिति हलवाई लाइन ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किए हैं। आयुक्त ने बताया कि उक्त समितियों को निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महापौर सहित निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुरस्कृत किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में पल्स पोलियो अभियान आयोजित



**राजनांदगांव।** हीरामोती वार्ड क्र. 39 स्थित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित कर उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ाना रहा। पार्षद रवि सिन्हा ने बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाए तथा अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को पोलियो से सुरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसी सहभागिता से पोलियोमुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। पार्षद सिन्हा ने सहयोगियों का आभार व्यक्त करते कहा कि इस प्रकार के जनस्वास्थ्य अभियानों में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## नकली पनीर मामले में कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** शहर के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि हाल ही में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में रौनक इंटरप्राइजेस जैसे लाइसेंसधारी प्रतिष्ठान में बड़े पैमाने पर नकली पनीर का निर्माण पकड़ा जाना अत्यंत चौंकाने वाला एवं आपराधिक कृत्य है। श्री द्ववेदी ने कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

श्री द्विवेदी ने कहा कि शासन से लाइसेंस प्राप्त होने के बावजूद उक्त इकाई द्वारा मिल्क पावडर, पाम ऑयल और अन्य अमानक सामग्री मिलाकर नकली पनीर तैयार किया जा रहा था, जो सीधे-सीधे शहरवासियों की जान से खिलवाड़ है। यह घटना प्रशासनिक अनियमितता नहीं, बल्कि एक गंभीर जनस्वास्थ्य अपराध है।

निखिल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रौनक इंटरप्राइजेस के संचालक के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर आपराधिक कार्रवाई की जाए। शहर की सभी पनीर निर्माण इकाइयों, डेयरियों, दुकानों, होटलों एवं ढाबों की बिना सूचना के विशेष जांच अभियान चलाया जाए। नकली पनीर की सप्लाई चेन में शामिल हर दोषी प्रतिष्ठान पर दुकान सील, लाइसेंस निरस्तीकरण एवं भारी आर्थिक दंड लगाया जाए। इस दौरान गणेश पवार, विप्लव शर्मा, सौरभ तिवारी, संदीप सोनी, सन्नी हरिहरणों, विपिन मदामे, मोहित कोचरे, हर्ष साहू, शुभम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

### हिन्दू धर्म की एकता पर दिया जोर, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# पैलीमेटा में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिऐ वनांचल स्थित पैलीमेटा में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जन भर से अधिक गांव के हजारों ग्रामीण शामिल हुए।

राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर संघ के वक्ताओं ने मंच के माध्यम से हिन्दूओं को जाति भेद के अंतर को दरकिनार कर विभिन्न मोतियों की एक माला में पिरोने का मजबूत प्रयास किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिला बालिका पीले वस्त्र में कलश लेकर प्रमुख मार्ग से होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया। मां भारती का वंदन एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथि एवं समाज प्रमुखों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत प्रचारक राजेश भार्गव, अमीलाल शिवहरे, सुशील कुमार शिव, नेमा मेरावी सामिल हुए। विभिन्न समाज के प्रमुख संतन साहू, डेरा लाल मसखरे, कांशी लाल पोर्ते, कुमार पाल, राधा मोहन वैष्णव, रोहित पुलस्त्य, तोरण सिंह कवर, ईश्वर साहू, मंशाराम, सुखी राम, कांशीराम पोर्ते, राजू पाल, कुंजलाल मारकंडे, धुरूवा राम मोहन पटेल, बंशी रजक, सुखलाल सेन, सुकुल पटेल, गोरेलाल नागवंशी, चिंता राम, तुलेश्वर दुबे, टिका राम धुर्वे एवं अन्य समाज प्रमुख इस हिन्दू धर्म समागम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम प्रभारी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, अनुज साहू, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, रमेश जंघेल, रोशन जंघेल, मोहन पटेल, युवराज पटेल, ललीता मानिकपुरी, उमा चौबे, ज्योति जंघेल, रामा साहू, दूजे राम वर्मा, भुनेश्वर सेन, राधे जंघेल, दाऊ राम साहू, मुंगु नायक, अनिल सेन, बालकिशन सहित मगरकुंड़, अचानकपुर, चुचरूंगपुर, सिंगारपुर, भदेरा, जंगलपुर, खैरा नवापारा, बेलगांव, लमरा, बेलगांव, आदि गांव के ग्रामीण शामिल हुए।

#### भेदभाव के बिना आपसी एकता करें प्रदर्शित

श्री भार्गव ने सभा को संबोधित करते हुऐ हिन्दू धर्म का अस्तित्व एवं सनातन धर्म पर प्रकाश डालते हुऐ उससे उत्पन्न हुई विभिन्न साखा को गिनाया। उन्होंने अखंड भारत निर्माण के लिए सभी को धर्म का भलिभांति पालन करने एवं बिना किसी भेद भाव के आपसी एकता प्रदर्शित करने की बात कही। मंच को संबोधित करने वाले अन्य सभी वक्ताओं ने भी लोगों को हिन्दू धर्म का निष्ठापूर्वक पालन कर सभी जातियों को एक सुत्र में बांधने पर बल दिया।

## पदाधिकारियों ने सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव फुटबॉल लीग (आरएफएल) के आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने सांसद संतोष पांडे से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें 01 से 10 जनवरी तक आयोजित होने वाली फ्लड लाइट फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण दिया। सांसद पांडे ने आयोजन में अपनी उपस्थिति का आश्वासन देते आमंत्रण को स्वीकार किया।

सांसद पांडे ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। फुटबॉल जैसे सामूहिक खेल अनुशासन, समन्वय और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं। राजनांदगांव फुटबॉल लीग युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा देने के साथ ही जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा मैदान से जुड़े। जिससे वे नशे और भटकाव से दूर रहकर राष्ट्र व समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।



#### रूपरेखा से कराया अवगत

मुलाकात के दौरान लीग समिति के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता के उद्देश्य, मैच प्रारूप, टीमों की संख्या, खिलाड़ियों की सहभागिता एवं आयोजन की तैयारियों की जानकारी साझा की। सांसद ने आयोजन की सराहना करते कहा कि खेल आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन देकर ही स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, लक्ष्मण लोहिया, शिवम यादव, किशुन यदु, आशुतोष, गगन आइच, राम भाई, नीरज साहू, परवेज खान एवं युवराज सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### संस्कृति को बनाते हैं मजबूत

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि फुटबॉल लीग जैसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और जिले में खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं।

## खबर संक्षेप

### मनरेगा से जी राम जी नाम बहुत ही सार्थकः कृष्णा चंद्राकर



**हरिभूमि कुण्डा।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर व्ही बी जी राम जी रखा गया जो बहुत ही सार्थक एवं सही है, क्योंकि इस योजना का नाम पूर्व में एनआरजी योजना हुआ करता था, जिसे सन 2005 में महात्मा गांधी का नाम जोड़ कर मनरेगा नाम दिया गया, बदलते परिवेश में इसे व्ही बी जी राम जी योजना के रूप में स्वीकार कर लिया है। महात्मा गांधी अपने ईस्ट के रूप में सदैव भगवान राम को पूजते रहे इसलिए भी गांधी को मानने वालों में हर्ष होना चाहिए कि इसे राम जी के नाम पर नामित किया गया है, जी राम जी विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण नाम परिवर्तन के साथ ही साथ ग्रामीण मजदूरों के लिए 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन का काम केंद्र सरकार ने दिया है साथ ही साथ अधिकतम 15 दिन के अंदर पेमेंट अथवा हर सप्ताह पेमेंट पारदर्शिता पूर्वक एवं जवाब देही पूर्वक देने का जो केंद्र सरकार का निर्णय है वह गरीबों के लिए बहुत ही सही दिशा में निर्णय है, इससे गरीबी कम होगी बेरोजगारी दूर होगा पलायन रुकेगा। जिस पर भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि इस योजना के तहत गरीबी से लड़ने का मजबूत हथियार एवं रोजगार के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र में विकास की अपार संभावना सरकार ने ग्रामीणों को सौगात के रूप में दी है। अतः मनरेगा से जी राम जी योजना होने पर किसी गरीब परिवार को कोई आपत्ति नहीं है यह गरीबों के विकास का हर संभव द्वार खोलेगा अतः नाम परिवर्तन से ज्यादा काम की महत्ता को स्वीकार कर इसका स्वागत करना चाहिए ।

### शीतकालीन छुट्टी को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं में उत्साह



**हरिभूमि बरबसपुर।** शीतकालीन छुट्टी पर स्कूली छात्र छात्राएं खेलकूद और क्रिकेट खेलने में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर नौनिहाल बच्चों द्वारा आसमान पर पतंग उड़ाकर मनोरंजन करते दिखाई दे रहे है। बताया जाता है कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में शीतकालीन छुट्टी के बाद ग्राम नाऊडीह, जेवडन खुर्द, दौजरी, बांझीमौहा, बरबसपुर व सिंघनपुरी के स्कूली बच्चों द्वारा खेलकूद में रुचि लेकर समय बीता रहे हैं। साथ ही साथ नौनिहाल बच्चे बाटी-भंवरा, गिल्ली और पंतग उड़ाकर शीतकालीन छुट्टियों का लुप्त उठा रहे है।

### परीक्षा परिणाम व्यापमं की वेबसाइट पर जारी की गई

**हरिभूमि कवर्धा।** व्यापमं ने संचालक मुद्रण लेखन सामग्री विभाग में विभिन्न रिक्त पद के लिए भर्ती परीक्षा 30 नवंबर को ली थी। मॉडल उत्तर पर प्राप्त दावा-आपत्ति के बाद वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं।

# विजय शर्मा केपीएल से गांव-शहर तक क्रिकेट का जोश, प्रतिभाओं को मिला नया मंच

- केपीएल ने बदला कवर्धा विधानसभा में खेल का माहौल, युवा, बुजुर्ग एक साथ मैदान में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देने और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा प्रीमियर लींग (केपीएल) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 07 मंडलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। प्रतियोगिता की संरचना इस प्रकार की गई है कि ग्रामीण मंडलों में ग्राम पंचायतवार तथा कवर्धा शहर में वार्डवार टीमों का गठन कर मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहर प्रत्येक मंडल से चयनित टॉप चार टीमें कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में आयोजित होने वाले सुपर-28 मुकाबलों में आपस में भिड़ेंगी।

उल्लेखनीय है कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में यह पहली बार हो रहा है जब इस स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें केवल युवा ही नहीं बल्कि बुजुर्ग खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्राम एवं वार्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए मैदान में उतर रहे हैं। इससे समाज में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है और नई पीढ़ी को फिटनेस, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रेरक संदेश मिल रहा है। प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1 लाख 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार और तृतीय पुरस्कार 31 हजार निर्धारित किया गया है।

कवर्धा प्रीमियर लीग को लेकर क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खिलाड़ियों ने इस आयोजन के लिए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का अवसर उन्हें पहली बार प्राप्त हुआ है, जिससे क्षेत्र की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच मिला है और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### रेंगाखार मंडल का रोमांचक मुकाबला



विजय शर्मा केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रेंगाखार मंडल से कुल 28 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खम्हरिया बनाम बरेंडा के बीच खेला गया। फाइनल मैच में खम्हरिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बरेंडा टीम संघर्ष के बावजूद 97 रन पर सिमट गई और उपविजेता रही। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए बरेंडा टीम के जीतेन्द्र धुर्वे को बेस्ट बॉलर तथा खम्हरिया टीम के धनसिंह को बेस्ट बैट्समैन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप रेंगाखार मंडल से खम्हरिया, बरेंडा, चिल्फी एवं शीतलपानी की चारों टीमें सुपर-4 में पहुंच गई हैं। ये टीमें अब कवर्धा में आयोजित होने वाले अगले चरण में अन्य मंडलों की 28 चयनित टीमों के साथ मुकाबला करेंगी।

## सुविधा: धान खरीदी में डिजिटल सुविधा ने किसानों को दी बड़ी राहत

# जिले में 21.81 लाख क्विंटल हुई धान खरीदी, 421 करोड़ भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धान खरीदी को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया टोकन तुहर हाथ ऐप किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। जहां पहले टोकन प्राप्त करने के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता था, वहीं अब किसान घर बैठे अपने मोबाइल से मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध है, जिससे किसानों को बड़ी सहूलियत मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। इसी डिजिटल सुविधा का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरी कला के किसान झंगूराम पटेल को मिला। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 22.60 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने धान की खेती की है। श्री पटेल ने 'टोकन तुहर हाथ ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया और निर्धारित तिथि पर उपार्जन केंद्र पहुंचकर 138 क्विंटल धान विक्रय किया। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में बारदाना, तौल, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध थी, जिससे पूरी प्रक्रिया सहज और सुविधाजनक रही। श्री झंगूराम पटेल ने कहा कि टोकन मिलने के बाद बिना किसी परेशानी के उनका धान आसानी से बिक गया। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा धान का अच्छा दाम मिलने से वे काफी खुश हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन के परिणामस्वरूप कबीरधाम जिले में धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सहज, सुगम और पारदर्शी बनाया गया है। जिले के 108 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। जहां किसान अपनी उपज का विक्रय कर पा रहे हैं।

### धान उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी किया जा रहा



खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में अब तक 44 हजार 34 किसानों से 21 लाख 81 हजार 100 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 421 करोड़ 33 लाख रुपए का भुगतान जारी किया जा चुका है। वहीं धान उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के किसानों में धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर खुशी का माहौल व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

धर्मनगरी मोहगांव में नौ दिवसीय 23 से 31 दिसंबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन महिलाओं द्वारा भव्य नगर भ्रमण कर कलश यात्रा रैली निकालकर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन गौरक्षा ग्राम रक्षा विश्व कल्याण व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन ग्राम मोहगांव व सभी ब्राम्हणों द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम आचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक, रमानिवास पांडेय, लक्ष्मी निवास पांडेय, यज्ञाचार्य जगनिवास पांडेय, चंद्रभूषण प्रसाद पाठक व यज्ञ संचालक आदित्य शर्मा, पवन शर्मा, राजशेखर पांडेय, सुधीर शर्मा व शुभाग शर्मा ब्राह्मणों द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समस्त ग्रामवासी मोहगांव एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में कथा दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक भक्तजनों व क्षेत्रवासियों को कथा रसपान कराया जाएगा। जिसमें समस्त ग्रामवासियों द्वारा आसपास के श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। वहीं ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह व भक्तियम का माहौल बना हुआ है।

# सुशासन सप्ताह, मोहगांव में आयोजित किया गया जन समस्या शिविर

- आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान बड़ी संख्या में हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहगांव में मंगलवार को सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर-2025 अंतर्गत जन समस्या शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम मोहगांव, कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, कापा, निगापुर, बसनी सहित कुण्डा तथा दामापुर क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में किसानों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर आवेदन देकर पंजीयन कराया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग एवं आयुर्वेदिक विभाग सहित कई विभागों द्वारा कैम्प लगाए गए। किसानों ने जनपद अध्यक्ष, जनपद सीईओ एवं तहसीलदार को जर्जर सड़कों की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ग्रामीण किसानों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर गन्ना परिवहन में दिक्कतें आ रही हैं। किसानों ने कम से कम गन्ना गाड़ी ले जाने योग्य सड़क मरम्मत की मांग की। शिविर में जनपद सीईओ पंडरिया, तहसीलदार कुंडा, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, प्रदीप पुरी गोस्वामी, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं आसपास के ग्रामीण किसान गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर आचार्य योगेश भारद्वाज का प्रेरक उद्बोधन व कार्यक्रम आयोजित



- स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन, विचारों और उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं शिक्षा के प्रखर संवाहक स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस पुण्य तिथि पर सनातन संस्कार समिति के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रेरक उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को पोंड़ी स्थित गायत्री गुरुकुल स्कूल परिषर में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं सनातन विचारधारा से जुड़े लोग उपस्थित थें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्रांतिकारी सनातन वैदिक प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने ओजस्वी और प्रेरणादायक उद्बोधन में स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन, विचारों और उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद आर्य समाज के महान संन्यासी, समाज सुधारक और राष्ट्र जागरण के अग्रदूत थे। उन्होंने देश में वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा विदेशी शासन के विरुद्ध जनचेतना जागृत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने धर्मांतरण के विरुद्ध संघर्ष, नारी शिक्षा, छुआछूत उन्मूलन और स्वदेशी आंदोलन और देश की आजादी में मजबूती प्रदान की। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म और समाज के लिए समर्पित रहा। आचार्य भारद्वाज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए त्याग सर्वोच्च कर्तव्य है। अपने संबोधन में उन्होंने आज की युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे स्वामी श्रद्धानंद के आदर्शो को अपनाकर राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण और सनातन संस्कृति की रक्षा में अपनी भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों का स्मरण केवल पुष्पांजलि तक सीमित न होकर उनके विचारों को जीवन में उतारने से ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रोताओं ने आचार्य योगेश भारद्वाज के विचारों को गंभीरता से सुना और स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में सनातन संस्कार समिति के सदस्यों द्वारा आचार्य योगेश भारद्वाज का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के वैचारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। इस दौरान आयोजक समिति सदस्यों में राजकुमार वर्मा, स्वामी अशोकानंद, मनोहर साहू, हजारी राम चंद्रवंशी, दुर्योधन पाली, शिवकुमार निषाद, शत्रुहन वर्मा, हरीश साहू, ओमकार राजपूत, रवि राजपूत, अर्जुन पाली सहित समिति के सदस्य उपस्थित थें।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर-कवर्धा में वार्षिक समारोह आयोजित

# आरंभ द जर्नी में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर-कवर्धा में सोमवार को विद्यालय का वार्षिक समारोह आरंभ द जर्नी ऑफ भारत-टू-भारत विदिन अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं सांस्कृतिक वातावरण में आयोजित किया गया। इस समारोह का शुभांरभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। वहीं भारत की प्राचीन विरासत से लेकर आधुनिक एवं आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ भारती बंधु रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर बच्चों द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में स्वागत नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने अतिथियों का हृदयस्पर्शी स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय के बैंड सर्गम की सुमधुर वाद्य प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। जिसमें पीपी-2 के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। इसके बाद दिन की थीम आरंभ भारत से भारत की ओर का परिचय दिया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि आधुनिक प्रगति के साथ भारतीय संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। थीम सॉन्ग आरंभ ने पूरे कार्यक्रम की भावना को मंच पर जीवंत कर दिया और नाट्य प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ हुई। जिसमें कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बचपन कार्यक्रम में बालमन की मासूमियत, खेल-कूद और आनंदपूर्ण जीवन की सुंदर झलक देखने को मिली। पीपी-1 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत माता-पिता की आशाएं कार्यक्रम में अभिभावकों की उम्मीदों, त्याग और बच्चों के उज्जवल भविष्य की भावनाओं को संवेदनशील ढंग से दर्शाया गया। तत्पश्चात विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं विकास कार्यो की जानकारी दी गई। वहीं कक्षा 7 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत दशावतार कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दस अवतारों के माध्यम से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। साथ ही साथ कक्षा-3 की प्रस्तुति सिंधु घाटी सभ्यता में प्राचीन भारत की उन्नत नगर व्यवस्था, सभ्यता और वैज्ञानिक सोच को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। कक्षा 5 वीं द्वारा प्रस्तुत 1857 की क्रांति कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान और संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। समकालीन विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों में कक्षा 1 ली द्वारा पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली का संदेश दिया गया। साथ ही कक्षा 4 थीं, कक्षा 2 री, कक्षा 6 वीं द्वारा प्रस्तुत सीजी फाउंडेशन कार्यक्रम में सामाजिक सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को उजागर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ भारती बंधु ने स्वयं कबीर के भजनों का सस्वर गायन कर प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और भावविभोर हो गया।

## रबि फसल की तैयारी में जुटे किसान...



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मे इन दिनों ग्रामीण किसान प्रचीन देशी पद्धति प्राचीन (आधुनिक) युग कृषि औजार नांगर (हल) के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा खेतों की जुताई कार्य में जुटे हुए है। बताया जाता है कि ग्रामीण किसान रबि फसल गेंहू, चना की बुआई कर रहे हैं। वही दूसरे ओर वैज्ञानिक युग में ट्रैक्टर व अन्य साधनों से किया जा रहा है। खान के तरफ से किया गया था।

## खबर संक्षेप

### अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण 25 दिसंबर को

**कवर्धा।** नगर पंचायत स. लोहारा के वार्ड क्रमांक 11 मे निर्मित अटल परिसर अब बनकर तैयार हो चुका है। जिसका वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में नगर पंचायत स. लोहारा से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत स. लोहारा के वार्ड क्रमांक 11 में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से 25 दिसम्बर को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगाव सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा एवं समस्त जनप्रतिनिधिओ की उपस्थिति में सुबह 10 बजे स्थान नया बस स्टैंड में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर में नगरवासियों को यह सौगात मिलेगी।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 से 21 जनवरी तक

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ऑनलाईन लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 10 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब, धमतरी में आयोजित की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत कबीरधाम जिले के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 14 जनवरी, 20 जनवरी एवं 21 जनवरी 2026 को परीक्षा की तिथियां निर्धारित की गई हैं। संबंधित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी, दिशा-निर्देश एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं भारतीय थलसेना की आधिकारिक वेबसाइट अथवा जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम से प्राप्त की जा सकती हैं।

# सर्व समाज ने कियाआज छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान, शासन के समक्ष रखी पांच सूत्रीय मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्य रूप से समूचे छत्तीसगढ़ राज्य धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों के विरोध में तथा प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर आघात तथा संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में 24 दिसंबर को सर्व समाज, छत्तीसगढ़ ने प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। आयोजकों के मुताबिक यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्व समाज के विभिन्न सामाजिक, जनजातीय एवं नागरिक संगठन सहभागिता करेंगे।

सर्व समाज, छत्तीसगढ़ ने बताया कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हाल ही में घटित घटना कोई पहली या एकमात्र घटना नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के ना सिर्फ जनजातीय एवं ग्रामीण अंचलों में सामने आती रही हैं, बल्कि कई बार मैदानी क्षेत्रों में भी विवाद की स्थिति बनी है। एक निश्चित पैटर्न के अंतर्गत ईसाई मिशनरियों एवं उनसे जुड़े कन्वर्जन-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से ऐसे हालात निर्मित किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में तनाव, टकराव और सामाजिक वैमनस्य फैल रहा है। दुर्भाग्यवश, इन घटनाओं का सीधा दुष्परिणाम सर्व समाज, विशेषकर जनजातीय समुदायों को भुगतना पड़ रहा है।

आमाबेड़ा की घटना ने इस वास्तविकता को और अधिक उजागर किया है कि पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभा की भूमिका, जनजातीय आस्था एवं परंपराओं की संवैधानिक सुरक्षा को गंभीर रूप से नजरअंदाज किया गया। स्थानीय विरोध और संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद जिस प्रकार जिला पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता, भीम आर्मी जैसे बाहरी संगठनों की संगठित भूमिका तथा पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयां सामने आईं, उसने जिला पुलिस-प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए सर्व समाज, छत्तीसगढ़ अपनी वैधानिक एवं न्यायसंगत मांगें शासन के समक्ष रखी है।

### सर्व समाज ने शासन के समक्ष रखी 5 सूत्रीय

सर्व समाज ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से राज्य में धर्म स्वतंत्र विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू किए जाने जिससे प्रलोभन, दबाव अथवा षड्यंत्र पूर्वक किए जा रहे अवैध धर्मांतरण पर नियंत्रण स्थापित हो सके, कांकेर जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए जिम्मेदार भीम आर्मी से जुड़े तत्वों एवं कन्वर्टेड ईसाई समूहों के सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई किए जाने, जनजातीय समाज के लोगों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने तथा शांतिपूर्ण ग्रामीणों पर असंगत एवं अत्यधिक पुलिस बल का प्रयोग करने के गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला को तत्काल निलंबित किए जाने तथा उनकी संदिग्ध भूमिका की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराए जाने, शव दफन की प्रक्रिया के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रशासनिक रवैया अपनाने तथा हिंदू समाज पर दुर्भावनापूर्ण एवं असत्य आरोप लगाने वाले एसडीएम एएस पैकरा एवं तहसीलदार सुधीर खलखो को निलंबित कर उनकी संदिग्ध भूमिका की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित किए जाने तथा जनजातीय ग्रामीणों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण ढंग से की गई पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाइयों को तत्काल निरस्त किया जाए, उन पर लगाए गए आपराधिक प्रकरणों एवं धाराओं को वापस लिया जाए, तथा हिंसा एवं बल प्रयोग से पीड़ित ग्रामीणों को समुचित मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग रखी गई है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स का बंद को समर्थन

दिनेश जैन चैंबर ऑफ कॉमर्स (अध्यक्ष) जिला अध्यक्ष कवर्धा, जिला कबीरधाम ने बताया की कांकेर (आमाबेड़ा) में धर्मांतरण के विरोध में घटित घटनाओं के खिलाफ सर्व समाज छत्तीसगढ़ द्वारा 24 दिसंबर 2025 (बुधवार) को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। उक्त बंद को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर द्वारा पूर्ण समर्थन प्रदान किया गया है। इसी तारतम्य में चैंबर ऑफ कॉमर्स कवर्धा भी उक्त बंद का पूर्ण समर्थन करता है तथा कवर्धा जिला के समस्त व्यापारी बंधुओं से विनम्र अपील करता है कि 24 दिसंबर को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें एवं शांतिपूर्ण अनुशासित तरीके से बंद को सफल बनाएं।

**हादसा:** हाईवा-बाइक के बीच टक्कर, मोटर सायकिल के उड़े परखच्चे

# भोरमदेव मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, तीन घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। आलम ये है कि वाहन चालकों की लापरवाही, नशे की हालत में वाहन चलाने और तेज गति से फर्राटे भरने के कारण आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं सामने आ रही है और लोग या तो काल के गाल में समा रहे हैं या फिर अपने हाथ पैर तुड़वा रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को एक फिर जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्रांतर्गत कवर्धा-भोरमदेव मार्ग में भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। जहां एक मोटर सायकल की सीधी भिड़ंत सामने से आ रही हाईवा वाहन से हो गई। बताया जाता है कि इस सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए वहीं घटना के बाद आरोपी हाईवा चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भालुचुवा निवासी तीन युवक राजेश लहरे, कुशाल बंजारे और प्रिंस बघेल मंगलवार की दोपहर करीब 3.00 बजे अपनी मोटर सायकल से कही जा रहे थे।

इसी दौरान भोरमदेव रोड स्थित ग्राम लासाटोला मोड़ के पास उनकी मोटर सायकल की भिडंत सामने से आ रही हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 09 जेटी-9184 से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनो तेज रफ्तार वाहनो के बीच भिडंत इतनी भीषण थी कि मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए वहीं दो ग्रामीण युवकों के तो एक-एक हाथ ही कट गए। घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल क्षेत्रीय पुलिस तथा डॉयल 112 को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तीनो घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उनका ईलाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




### आरोपी हाईवा चालक घटना के बाद से फरार

बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौका देखकर फरार हो गया। जबकि उसका वाहन घटना स्थल पर ही खड़ा है। पुलिस अब आरोपी चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है।

### भारी वाहनो की आवाजाही पर रोक की मांग

क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस दुर्घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा भोरमदेव मार्ग एक पर्यटन स्थल जाने वाला मार्ग है जहां ग्रामीणों के साथ ही पर्यटकों का आना जाना हमेशा लगा रहता है। उस लिहाज से यह मार्ग काफी सकरा भी है। बावजूद इसके मार्ग में निर्माण सामग्री मुरूम, रेत आदि परिवहन करने वाले भारी वाहनो रेलमपेल चौबिसों घंटे रहती है। जिससे इस तरह की सड़क दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन ने भोरमदेव मार्ग में भारी वाहनो की आवाजाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना में बनाए जाएंगे नए अंशधारी सदस्य किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों से कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों को मिल रहा निरंतर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा में अब नए अंशधारी सदस्य बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों को निरंतर लाभ मिल रहा है।

पेराई सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान कारखाना द्वारा गन्ना किसानों को 300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। वहीं वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में अब तक 17.51 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। इस पेराई सत्र में कारखाना द्वारा 4.50 लाख मीट्रिक टन गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष पहल के परिणामस्वरूप विगत दो वर्षों से अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण किया जा रहा है, जिससे अंशधारी सदस्यों में उत्साह का वातावरण है।

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 9 की उपधारा (1) के अंतर्गत पंजीकृत भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा (पंजीयन दिनांक 03.04.2001) में वर्तमान में कुल 23,476 अंशधारी सदस्य हैं। इनमें कबीरधाम जिले के तीन विकासखंडों के कृषक सदस्य ही गन्ने की आपूर्ति करते हैं।

विगत कुछ वर्षों से लक्ष्यानुसार गन्ना आपूर्ति नहीं होने के कारण कारखाना को समय से पूर्व पेराई बंद करनी पड़ी। पेराई सत्र 2024-25 में जनवरी माह से गन्ना आपूर्ति में कठिनाइयां आईं, जिससे फरवरी 2025 में ही पेराई सत्र समाप्त करना पड़ा और ब्रेक ईवन प्वाइंट की पूर्ति नहीं हो सकी। कारखाना के ब्रेक ईवन प्वाइंट हेतु कम से कम 4.00 लाख टन गन्ना पेराई आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए कारखाना प्रबंधन द्वारा नए अंशधारी सदस्य बनाए जाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम गैर-अंशधारी किसानों से 02 ट्राली गन्ने की खरीदी की जाएगी, तत्पश्चात संबंधित कृषक को अंशधारी सदस्यता प्रदान की जाएगी। इससे वर्षों से चली आ रही किसानों की अंशधारी सदस्य बनने की मांग पूरी होगी।

इस निर्णय से गन्ना कृषकों में हर्ष व्याप्त है। अंशधारी सदस्य बनने पर किसानों को गन्ना विक्रय, रियायती दर पर शक्कर, प्रेसमड एवं कारखाना द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

# एनसीडीसी की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) रायपुर द्वारा 20 दिसंबर 2025 को कबीरधाम जिले में स्थित सहकारी समितियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला एनसीडीसी की योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियां, पैक्स, लघु वनोपज, दुग्ध, बुनकर एवं मत्स्य सहकारी समितियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में जिले की विभिन्न सहकारी समितियों से 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन तीन प्रमुख सत्रों के माध्यम से किया गया, जिनमें सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख पहलों, एनसीडीसी की योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण, तथा व्यवसाय विविधीकरण एवं नए प्रस्तावों के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरिशंकर जांगड़े, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, श्रीमती विनिता ध्रव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं कीर्तन देवांगन, सहकारी निरीक्षक, उप आयुक्त सहकारी संस्थाएं, कबीरधाम द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को एनसीडीसी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

# बिरकोना में विकासखंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित, समस्याओं का किया गया समाधान

- जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध: डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन-प्रशासन द्वारा इन दिनों जिले के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने की मंशा से विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम बिरकोना में किया गया। शिविर में जिला जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, जिला पंचायत सभापति डॉ.वीरेंद्र साहू ,उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जनपद सदस्य भारत साहू ,लक्ष्मी तामेश्वर साहू, भीष्म पाण्डेय, सरपंच मनोज साहू उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विभागों द्वारा शिविर में बकायदा अपने-अपने स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और यथा संभव उनका स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा पेयजल, बिजली, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएँ रखी गईं। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष मामलों में समय-सीमा निर्धारित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। इस जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित जिला पंचायत सभापति ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जन समस्या निवारण शिविर शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा समस्याओं के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लें और किसी भी समस्या के लिए निःसंकोच प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाएं।




### कृषक सहयोग संस्थान ने पंचायत सचिवों को बांटा मैरिज रजिस्टर



**बोड़ला।** पूरे देश से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत जनपद पंचायत बोड़ला में एक महत्वपूर्ण उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक सहयोग संस्थान कबीरधाम द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में ग्राम पंचायत सचिवों को निःशुल्क विवाह पंजी (मैरिज रजिस्टर) का वितरण किया गया और उन्हें इसके विधिवत संधारण के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों ने बाल विवाह के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों की भूमिका को रेखांकित किया। संस्था के निदेशक डॉ. एच.बी. सेन ने विवाह पंजीयन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों और समुदायों का यह समन्वय जिले को एक साल के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे ने पंचायत स्तर पर सक्रियता बरतने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि सचिवों की सूझ बूझ और विवाह पंजी के सही संधारण से जिले से बाल विवाह को खत्म किया जा सकता है। तब बेटियों को शोषण और अत्याचार से बचाकर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जा सकता है।

ग्राम समनापुर के पटेल भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# नवनियुक्त पुलिस आरक्षकों का सम्मान और कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

ग्राम समनापुर स्थित पटेल भवन में पटेल समाज द्वारा एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन गत दिनो किया गया। कार्यक्रम में समाज का गौरव बढ़ाने वाले उन 30 होनहार नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से पुलिस विभाग में चयन पाकर समाज को गौरवान्वित किया है।

इस सम्मान समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता और मजबूती के लिए कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया। जिसमें धर्मेंद्र पाटिल को सर्वसम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि परदेसी पटेल ने अपने संबोधन में चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शंकर पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जलेश्वर पटेल मालिक, दिलीप पटेल मालिक एवं संयोजक कार्तिक चौधरी, तुलसी पटेल प्रवक्ता, भगवान सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष, महेश पटेल सचिव, अवतारी पटेल कोषाध्यक्ष, रघुवंश पाटिल, रोशेलाल पाटिल, अशोक पटेल उपाध्यक्ष, नगर पंचायत स. लोहारा, शिवचरण पटेल सभापति, नगर पंचायत पिपरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# थुहापानी में कृत्रिम मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर जिला कबीरधाम के तत्वाधान में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत आकांक्षी विकास खण्ड बोड़ला की ग्राम पंचायत चोरभट्टी के आश्रित ग्राम थुहापानी में आजीविका संवर्धन हेतु कृत्रिम मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन, उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनजीओ ग्राम विकास खोज केन्द्र मंडला द्वारा चयनित हितग्राहियों को कृत्रिम मधुमक्खी पालन की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कृत्रिम मधुमक्खी पालन से न केवल हितग्राहियों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि प्राकृतिक परागण के माध्यम से कृषि उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर चयनित 20 हितग्राहियों को मधुमक्खी पालन किट का वितरण किया गया। आगामी चरण में अन्य हितग्राहियों को भी प्रशिक्षण एवं किट वितरण किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, शहद प्रसंस्करण केन्द्र बोड़ला के माध्यम से मधुमक्खी पालन किट से उत्पादित शहद का प्रसंस्करण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ एवं सुनिश्चित होगी। इस कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

